जो गोगाजी को मनावेगी | By Payal Sargam

जो गोगाजी को मनावेगी
सारी खुशियां तू पावेगी
अरे गोगाजी का द्वार छोड़ कर
दर दर ठोकर खावेगी

दुनिया से क्या मांग रही तू
जग से कुछ ना पावेगी
एक बार गोगा को मना ले
मालदार हो जावेगी
व्यर्थ में समय बिताया तूने
बहुत बुरा पछतावेगी
जो गोगाजी को मनावेगी
तू सारी खुशियां तू पावेगी
अरे गोगाजी का द्वार छोड़ कर
दर दर ठोकर खावेगी

गोगा जी के चमत्कार की
जो तू लीला देखेगी
जाहरवीर बाबा की महिमा
तू भी जोगण गावेगी
दुनिया से जो मिले ना तुझको
वो सब कुछ तू पावेगी
जो गोगाजी को मनावेगी
तू सारी खुशियां तू पावेगी
अरे गोगाजी का द्वार छोड़ कर
दर दर ठोकर खावेगी

जाहरवीर बाबा से जिसने
सच्ची प्रीत लगाईं रे
भव सागर से जिसने नैया
सबकी पार लगाई रे
एक बार छवि देख प्रभु की
दीवानी हो जावेगी
जो गोगाजी को मनावेगी
तू सारी खुशियां तू पावेगी
अरे गोगाजी का द्वार छोड़ कर
दर दर ठोकर खावेगी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a5%8b-%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%97%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%ae%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a5%87%e0%a4%97%e0%a5%80-by-payal-sargam/